an>

Title: Need to repair national highway under Golden Quadilateral Project from Jaipur to Udaipur in Rajasthan.

**श्री सुभाष चन्द्र बहेड़िया (भीलवाड़ा) :** माननीय उपाध्यक्ष जी, एनडीए सरकार के शासनकाल में स्वर्णिम चतुर्भुज योजना के तहत राष्Âट्रीय राजमार्ग का निर्माण हुआ। यह राÂ ट्रीय राजमार्ग राजस्थान में जयपुर, किशनगढ़, नसीराबाद और भीलवाड़ा होते हुए उदयपुर निकलता है। उस रोड की स्थिति बहुत खराब हो चुकी है। अब स्थिति यह है कि इसके बीच में टोल प्लाजा पर एक वाहन को कम से कम दो घंटे रुकना पड़ता है।

मेरा आपके माध्यम से सड़क परिवहन मंत्री जी से आग्रह है कि इस राजमार्ग को पूरा रिपेयर किया जाए। टोल प्लाजा में दो घंटे एक वाहन को निकलने में लगते हैं। मेरा निवेदन है कि या तो इसे बंद किया जाए या तो इसमें सुधार किया जाए ताकि पांच मिनट में वाहन निकल सके।